विद्यापीठ -भवन, बालिका विद्यापीठ, लखीसराय

नीतू कुमारी ,विषय- हिंदी, दिनांक-04-09-2021

एन.सी.ईआर.टी पर आधारित

सुप्रभात बच्चों,

दिए ,गए कविता अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें तथा याद करें।

भारत देश महान हमारा,
भारत देश महान!
गीत खुशी के सूरज लाता
धरती पर सोना बरसाता,
प्यारी—प्यारी मलय हवाएँ
जीवन को हर पल महकाएँ ।
खेत—खेत में हँसती फसलें,
इसकी प्यारी शान!
झिलमिल—झिलमिल चाँद—सितारे
मस्तक पर ये मोती सारे,
अमृत—सा गंगा का पानी
धरती का आँचल है धानी ।
नील समंदर लहर—लहरकर
करता है गुणगान!
हम भारत के नन्हें बच्चे
दिल फौलादी, मन के सच्चे,
हाथ—हाथ में ले हम बढ़ते
नहीं मुश्किलों से हम डरते ।
मेहनत का इतिहास रचेंगे,
आज लिया है ठान!

—प्रकाश मनु